दैनिक भास्कर

09-03-2025

वूमेन ऑफ ज़िंक अभियान की शुरूआत

जयपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जस्ता उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड वूमेन ऑफ ज़िंक अभियान की शुरूआत की है। यह मेटल, माइनिंग

और मेन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में महिलाओं के लिए रोमांचक कैरियर के अवसरों को प्रदर्शित करने के लिए डिजाइन की गई एक साहसिक पहल है। यह पहल एक्सप्लोरेशन, माइनिंग और स्मेल्टिंग में महिलाओं की विशाल क्षमता को दर्शाती है। पुरानी धारणाओं को चुनौती देकर पारंपरिक रूप से पुरुष प्रधान उद्योगों में अधिक लिंग विविधता को प्रोत्साहित करती है। एक प्रभावशाली वीडियो श्रृंखला के माध्यम से वूमेन ऑफ ज़िंक, स्लाइस ऑफ लाइफ परिप्रेक्ष्य प्रदान करता है। जिसमें उन महिला पेशेवरों की प्रेरक कहानियां शामिल हैं जो वर्तमान में हिन्दुस्तान ज़िंक में मुख्य संचालन को आकार दे रही हैं।